Seventeenth Loksabha

p>

Title: Need to start the construction of rail over bridge in Hardoi.

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख): धन्यवाद, सभापति महोदय ।

मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख, जनपद हरदोई के अंतर्गत सण्डीला रेलवे स्टेशन पर राज्य सरकार के साथ लागत में हिस्सेदारी के आधार पर रेलवे ओवर ब्रिज लेवल क्रॉसिंग संख्या 249 पुल के कार्य को दिनांक 23/11/2021 को रेलवे मंत्रालय द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है । इसके लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री जी एवं रेलवे मंत्री जी के प्रति अपने और अपने क्षेत्रवासियों की तरफ से हृदय से आभार प्रकट करता हूं । इस सम्बन्ध में जल्द कार्रवाई के लिए मैंने लगातार नियम 377 के अधीन सूचना दी है । … (व्यवधान)

माननीय सभापति : आपकी डिमाण्ड क्या है?

श्री अशोक कुमार रावत: सभापति महोदय, इसके लिए मैं शून्य काल और प्रश्नों के माध्यम से निरन्तर अनुरोध करता चला आ रहा हूं ।

मेरा पुन: अनुरोध है कि रेल मंत्रालय द्वारा स्वीकृत किए गए इस रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण के कार्य को तत्काल प्रारम्भ किया जाए, ताकि जनता को यातायात और आवागमन में सुविधा प्राप्त हो । धन्यवाद ।